प्रादेशिक समाचार
दिनांक–20.08.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

- सर्वोच्च न्यायालय ने कोलकाता में डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामले की सुनवाई की, चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय कार्यबल का किया गठन।
- केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अस्पतालों में सुरक्षा बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार के सभी अस्पतालों और संस्थानों के प्रमुखों को लिखा पत्र, झारखंड में जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित।
- केन्द्र सरकार ने संघ लोक सेवा आयोग को नौकरशाही में लैटरल एंट्री से संबंधित विज्ञापन को रद्द करने के दिये निर्देश।
- राज्य के मंत्री और झामुमो के वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन ने दिल्ली में भाजपा नेताओं से मुलाकात की बात से किया इनकार, कोल्हान के चार विधायकों की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ दो घंटे तक मंत्रणा।
- मौसम विभाग ने राज्य में अगले तीन दिनों के लिए बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया, कल रांची, पलामू और गढ़वा समेत 6 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी, वज्रपात की भी संभावना।

****

सर्वोच्च न्यायालय ने स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय कार्यबल गठित किया है। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चन्द्रचूड़ के नेतृत्व वाली खंडपीठ ने कोलकाता के अस्पताल में एक डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले की सुनवाई के दौरान कार्यबल से तीन सप्ताह के भीतर अपनी अंतरिम और दो महीने के भीतर अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

****

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अस्पतालों में सुरक्षा बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार के अस्पतालों और संस्थानों के सभी प्रमुखों को पत्र लिखा है। एक रिपोर्ट

****

इस बीच, झारखंड में जूनियर डॉक्टरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण राज्य भर में चिकित्सा सेवाएं प्रभावित हुई हैं। इस दौरान इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की झारखंड शाखा के सचिव प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि जब तक मांगें पूरी नहीं होती, अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी।

****

केन्द्र सरकार ने संघ लोक सेवा आयोग–यूपीएससी को नौकरशाही में लैटरल एंट्री से संबंधित विज्ञापन को रद्द करने के निर्देश दिए हैं। हाल ही में यूपीएससी ने केंद्रीय मंत्रालयों में 45 संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिवों को नियुक्ति करने से संबंधित एक विज्ञापन जारी किया था। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि लैटरल एंट्री की प्रक्रिया संविधान में समानता और सामाजिक न्याय के सिद्धातों विशेषकर आरक्षण के प्रावधानों के अनुरूप होनी चाहिए।

****

राज्य के मंत्री और झामुमो के वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन ने दिल्ली में भाजपा नेताओं से मुलाकात की बात को सिरे से खारिज कर दिया है। दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि उनकी किसी भाजपा नेता से मुलाकात नहीं हुई

इस बीच कोल्हान प्रमंडल के चार झामुमो विधायक आज मुख्यमंत्री आवास पहुंचे। इनमें बहरागोड़ा से विधायक समीर मोहंती, घाटशिला विधायक रामदास सोरेन, जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी और पोटका विधायक संजीव सरदार शामिल थे। सभी विधायकों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से दो घंटे तक बातचीत की। बाद में उन्होंने मीडिया से बातचीत में झामुमो छोड़ने की अटकलों को निराधार बताया।

****

राज्य की हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से 23 अगस्त को रांची में आक्रोश रैली निकाली जायेगी। इसमें राज्यभर के पार्टी कार्यकर्ता शामिल होंगे। हजारीबाग के भी कार्यकर्ता इस राज्यव्यापी कार्यक्रम को सफल बनाने की तैयारी में जुट गये हैं। स्थानीय सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार के वादाखिलाफी को लेकर राज्य भर के युवाओं में आक्रोश व्याप्त है।

****

उधर, बोकारो में भाजपा के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण ने दावा किया कि 23 अगस्त को प्रस्तावित आक्रोश रैली में प्रदेश के एक लाख युवा रांची में जुटेंगे और मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे।

****

इधर, जमशेदपुर में सांसद विद्युत वरण महतो ने एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर आरोप लगाया कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है और कानून व्यवस्था की स्थिति लगातार खराब हो रही है।

****

पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने आज राज्य में कानून व्यवस्था की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में सभी जिलों के एसपी, रेंज के डीआईजी और जोनल आईजी शामिल हुए। बाद में पत्रकारों से बातचीत में श्री गुप्ता ने कहा कि राज्य में अपराध पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाये जायेंगे।

****

पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सलियों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया गया है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता –

****

दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर रेल मंडल अंतर्गत राज खरसावां रेलवे स्टेशन के पास आज एक मालगाड़ी की दो बोगियां बेपटरी हो गई। इससे इस रेल लाइन पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा।

****

मौसम विभाग ने कल से 23 अगस्त तक राजधानी रांची के अलावा पलामू और कोल्हान प्रमंडल के कई क्षेत्रों में भारी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

*******समाप्त*******